हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 25 नवंबर 2025





04 भावांतर के तहत किसानों को भुगतान में तेजी लाने...





07 एसआईआर: जिले की पांचों विधानसभाओं को मिलाकर...




## खबर संक्षेप

### भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट 4282 रुपए

**सीहोर।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए 24 नवंबर को 4282 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। रविवार 23 नवंबर को भी यही रेट जारी हुआ था। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है। सोयाबीन का पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए, 15 नवंबर को 4225 रुपए, 16 नवंबर को 4234 रुपए, 17 नवंबर को 4236 रुपए, 18 नवंबर को 4255 रुपए, 19 नवंबर को 4263 रुपए, 20 नवंबर को 4267 रुपए, 21 नवंबर को 4271 रुपए और 22 नवंबर को 4285 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था। राज्य सरकार की गारंटी है कि किसानों को हर हाल में सोयाबीन के न्यूनतम समर्थन मूल्य की 5328 रुपए प्रति क्विंटल की राशि मिलेगी।

### उमराह से कुशल पूर्वक लौटने पर स्वागत

**सीहोर।** शहर के मंडी स्थित कृषि उपज मंडी में तुलावट संघ के सदस्य पवित्र उमराह के लिए रवाना के लिए गए थे। करीब तीन सप्ताह से अधिक दिनों की यात्रा से लौटने के पश्चात साथ सफीक खां का मंडी में जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर संघ के अजमेरी खां ने बताया कि इस मौके पर गल्ला व्यापारी संघ के अध्यक्ष जितेन्द्र राठौर, तुलावट संघ के अध्यक्ष राजेश यादव सहित बड़ी संख्या में उमराह लौटने वाले सफीक खां का स्वागत किया। इस मौके पर क्षेत्रवासियों ने कहा कि उमराह यात्रियों से वतन में अमन और शांति रहे। लोग आपस में मिल-जुलकर भाईचारे से रहे वतन की शांति के लिए दुआओं की गुजारिश की। उनके लौटने पर व्यापारी पप्पू राठौर, देवेन्द्र राठौर, अजमेरी खां, बाबूलाल सूर्यवंशी, छोटेलाल यादव, ओम प्रकाश रेकवार, केशर सिंह, जीवन लाल यादव, धनराज, कैलाश सूर्यवंशी, हीरा, प्रीतम यादव, अमरचंद्र यादव, हीरालाल यादव, रितेश यादव, पवन सूर्यवंशी, प्रकाश यादव, विजय यादव, राजेश मेवाड़ा, रफीक, राज नारायण, जय नारायण, नरेश यादव, राजेश यादव, दौलत राय, सरजू प्रसाद आदि शामिल थे।

### धमाके की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को दी सूचना

# खड़े ट्रक से टकराई पिकअप, दो युवकों की घटनास्थल पर मौत

अंधेरा और तेज रफ्तार के चलते पिकअप चालक ट्रक को समय पर नहीं देख पाया और वाहन सीधे उसमें जा भिड़ा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





सीहोर–भैरूंदा मुख्य मार्ग एक बार फिर खून से लाल हो गया। रविवार देर रात सिंहपुर गांव के पास हाईवे पर बिना किसी चेतावनी संकेत के खड़े ट्रक में पीछे से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो पिकअप जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया और उसमें सवार दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया और सड़क सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर पोल खोल दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार रात लगभग 11 बजे बोलेरो पिकअप सीहोर से भैरूंदा की ओर जा रही थी। सिंहपुर गांव के समीप सड़क किनारे एक भारी ट्रक बिना इंडिकेटर, रिफ्लेक्टर या वार्निंग साइन के खड़ा किया गया था। अंधेरा और तेज रफ्तार के चलते पिकअप चालक ट्रक को समय पर नहीं देख पाया और वाहन सीधे उसमें जा भिड़ा। टक्कर इतनी खतरनाक थी कि पिकअप का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक व उसका साथी वाहन में ही फंस गए।

तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचना दी। भैरूंदा थाना पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घंटों की मशक्कत के बाद दोनों को वाहन से बाहर निकाला गया। लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भैरूंदा अस्पताल भेजा गया, जहां सोमवार सुबह प्रक्रिया पूरी होने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

मृतकों की पहचान अजय बारेला (22) पिता ज्ञान सिंह बारेला, निवासी सिराली, थाना गोपालपुर एवं सीताराम बारेला पिता स्वर्गीय कैलाश बारेला, निवासी ग्राम कुरी, जामुन ग्वाड़ी के रूप में हुई है। खबर मिलते ही परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में थाने और अस्पताल पहुंच गए। पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार, लापरवाही और हाईवे पर खड़े ट्रक को माना जा रहा है। ट्रक चालक घटना के बाद से फरार बताया जा रहा है, जिसकी तलाश जारी है।



#### सवालों के घेरे में सड़क सुरक्षा

यह हादसा कोई पहली घटना नहीं है। हाईवे पर बिना संकेत के खड़े भारी वाहनों की लापरवाही लगातार लोगों की जान ले रही है। बावजूद इसके न तो परिवहन विभाग और न ही प्रशासन सख्त कदम उठाता नजर आ रहा है। यह दर्दनाक दुर्घटना अब सिस्टम के लिए चेतावनी बन चुकी है - यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो ऐसे हादसे थमने वाले नहीं हैं।

## 'हिट एंड रन' मामले में दो युवकों को कुचलने वाले भोपाल सिंह पर एफआईआर

**सीहोर।** शहर से निकले पुराने इंदौर-भोपाल हाईवे पर दो दिन पहले हुए दिल दहला देने वाले सडक़ हादसे के मामले में आखिरकार मंडी थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। इस मामले में हरिभूमि की खबर पर मुहर लग गई है, जिसने दुर्घटना के बाद मौके पर गिरी नंबर प्लेट के आधार पर कार मालिक की पहचान पहले ही बता दी थी।

हरिभूमि ने अपनी पहली ही खबर में ग्रामीणों के हवाले से बताया था कि हादसे के बाद सडक़ पर कार की नंबर प्लेट गिर गई थी। नंबर प्लेट की ऑनलाइन जानकारी के अनुसार यह कार भोपाल सिंह वर्मा निवासी चितावलिया लाखा के नाम दर्ज थी। अब प्रत्यक्षदर्शी की शिकायत पर पुलिस ने इसी कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

#### भयावह था हादसा

दर्ज एफआईआर के अनुसार 21 नवंबर की रात करीब 9.45 बजे मुगीसपुर जोड़ शरीफ के पास तेज रफ्तार हुंडई कार एमपी 37 ईडी 0363 ने मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी थी।

इस भीषण दुर्घटना में गुडभेला निवासी कृष्णा वर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे का सबसे भयावह पहलू यह रहा कि टक्कर मारने के बाद कार चालक ने रुकने के बजाय दूसरे युवक शुभम वर्मा को लगभग आधा से एक किलोमीटर तक सडक़ पर घसीटा। शुभम वर्मा की हालत अत्यंत नाजुक है और वह भोपाल के अस्पताल में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है।

शिकायतकर्ता प्रेम सिंह वर्मा निवासी नापलाखेड़ी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी कार चालक भोपाल सिंह वर्मा के खिलाफ लापरवाही से मौत (आईपीएस धारा 304 ए), खतरनाक ड्राइविंग (आईपीएस धारा 279 और 337) और मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 184 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रों का पंजीयन अनिवार्य

**सीहोर।** निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने गत दिवस बताया कि शासन निर्देशानुसार अब निजी नर्सिंग होम एवं क्लिनिकल स्टेब्लिशमेंट का विनिमय म.प्र. उपचार्यगृह तथा रजोपचार्य संबंधी स्थापनाये (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 तथा नियम 1997 (यथा संशोधित) 2021 के स्थापित प्रावधान अनुसार समस्त फीजियोथेरेपिस्ट को अधिनियम की धारा 2 में क्लिनिकल स्टेब्लिशमेंट को परिभाषित किया गया हैं। अधिनियम की धारा 3 के अनुक्रम में कोई भी व्यक्ति द्वारा क्लिनिकल स्टेबलिसमेंट का संचालन (निजी फीजियोथेरेपी केन्द्र) बिना विनियामक अधिनियम के अन्तगर्त पंजीयन के बिना नहीं किया जा सकता। जिले के समस्त निजी फीजियोथेरेपी केन्द्रो को निर्देशित किया गया है कि फीजियोथेरेपी केन्द्रो का पंजीयन अनिवार्य रूप से कराये।

## कलशयात्रा के साथ प्रारंभ हुआ 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ

**सीहोर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा बुधनी नगर के दशहरा मैदान में चार दिवसीय 51 कुण्डीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री परिवार का शुभारम्भ भव्य कलश यात्रा के द्वारा हुआ। युवा संयोजक मनोहर सिंह दांगी ने बताया कि रविवार को गायत्री महायज्ञ की कलश यात्रा का शुभारंभ खेड़ापति हनुमान मंदिर से हुआ। यहां से यात्रा नगर भ्रमण करती हुई गायत्री महायज्ञ आयोजन स्थल तक पहुंची, जहां पर परिजनों ने पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया। शांतिकुंज हरिद्वार से आई प्रज्ञा टोली के टोली नायक सूरज सिंह अमृत ने कार्यक्रम के उद्देश्य और स्वरूप पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अतिथियों पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता-अर्जुन मालवीय, रोहित शर्मा, श्रीमती माया त्यागी, सुरेश त्यागी, श्रीमती शशि शर्मा, विष्णु शर्मा, श्रीमति रमिला परमार, विमल तेजराज पाटीदार



भोपाल सिंह परमार और राजेंद्र मोदी ने विधिवत आरती की। उक्त धर्ममय गायत्री महायज्ञ में विशेष रूप से श्रीमती माया-सुरेश त्यागी भाग ले रहे हैं।

कार्यक्रम में मंच संचालन भोपाल उपजोन समन्वयक रघुनाथ प्रसाद हजारी ने किया। जिला समन्वयक प्रेमलाल कुशवाहा ने बताया कि सोमवार से प्रतिदिन प्रातः 08:30 बजे से 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं विविध संस्कारों का क्रम संपन्न होगा। इस धर्ममय अयोजन में विशेष रूप से निःशुल्क प्राणयोग, चिकित्सा शिविर श्री योगी योगानन्दन मिश्रा द्वारा तीनों दिन चलाया जावेगा। जिसमें असहाय बीमारियों का ईलाज किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि यह आयोजन स्थल जिला सीहोर का है किन्तु नर्मदापुरम, रायसेन व भोपाल जिले से घिरा होने के कारण उक्त सभी जिलों के सक्रीय कार्यकर्ता महिला-पुरुष आयोजन में धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं।

### समग्र आईडी व आधार कार्ड से ईकेवाईसी जरुरी

**सीहोर।** सभी आमजन को को सूचित किया गया है कि शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं एवं शासकीय कार्यों का लाभ लेने के लिये सभी खाताधारक, भूमि स्वामियों, प्लॉट-भूखण्ड, मकान मालिकों जिनके नाम खसरा रिकार्ड में दर्ज हैं उन्हें अपने-अपने भू-खण्ड एवं कृषि भूमियों का समग्र आई.डी. एवं आधार कार्ड से ईकेवाईसी कराना आवश्यक है। अगर आप अपनी भूमियों की हेरा-फेरी एवं जमीन संबंधी गड़बड़ियों से बचना चाहते और अपने भूखण्ड, मकान, दुकान कृषि भूमि को सुरक्षित रखना चाहते हो तो आप सभी अपने नजदीकी सीएससी कंप्यूटर सेंटर पर जाकर अपनी-अपनी कृषि भूमियों, भूखण्डों, प्लाट एवं मकानो की ईकेवाईसी अवश्य कराएं और शासन की योजनाओं का लाभ ले सकते हैं और होने वाली धोखाधड़ी तथा असुविधा से बच सकते हैं। ईकेवाईसी के लिए समग्र आई.डी, आधार कार्ड, जन्म तिथि से संबंधित कोई भी दस्तावेज, मोबाईल नम्बर, खसरा नकल साथ में लें जाएं।

## न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री, लगातार 17 दिन से 10 डिग्री से नीचे

**सीहोर।** जिले में पिछले दो सप्ताह से लगातार ठंड का असर बना हुआ है। सोमवार को न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम और अधिकतम तापमान में बड़ा अंतर होने से सुबह-शाम ठिठुरन और बढ़ गई है।



#### आने वाले दिनों में और बढ़ेगी ठंड

मौसम विभाग ने अनुमान लगाया है कि अगले कुछ दिनों में आसमान पूरी तरह साफ रहेगा और ठंड का प्रभाव और तेज होगा। शासकीय कृषि महाविद्यालय के मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर ने बताया कि बादल लगातार छंट रहे हैं, जिससे रात का तापमान और नीचे जा सकता है।

**17 दिनों से न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे :** सीहोर में पिछले 17 दिनों से रात का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम दर्ज हो रहा है। इससे पहले जिले में कभी बारिश, कभी गर्मी जैसा बदलता मौसम देखने को मिल रहा था। लेकिन अब ठंड का मौसम पूरी तरह सक्रिय हो चुका है और लोग सुबह-शाम ठंड से बचने के लिए गरम कपड़ों का सहारा ले रहे हैं।

**बीते दिनों में ऐसा रहा तापमान :** पिछले कुछ दिनों में न्यूनतम तापमान लगातार नीचे जा रहा है। 10 नवंबर को 8.5, 11 को 8.3, 12 को 8.2, 15 को 7.5, 16 को 5.8 और 17 नवंबर को तापमान गिरकर सीजन के सबसे कम 5.0 पर पहुंच गया था। इसके बाद भी तापमान 6 से 8 डिग्री के बीच बना हुआ है। मौसम विभाग का कहना है कि ठंड और तेज हो सकती है।

## आज मनाया जाएगा भगवान श्रीराम और माता सीता विवाह महोत्सव

### महिलाओं ने विवाह महोत्सव में आस्था और उत्साह के साथ गाए मंगल गीत

**सीहोर।** इस साल भी विवाह पंचमी पर भव्य रूप से भगवान श्रीराम और माता सीता विवाहोत्व का आयोजन किया जाएगा। दिव्य विवाह के आयोजन को लेकर तैयारियां की गई है। विवाह स्थल पर फेरे के लिए मंडप आदि का निर्माण किया गया है। श्रीराम-जानकी विवाह को लेकर पूर्ण विधि-विधान से भगवान गणेश की पूजा-अर्चना के पश्चात विशेष अभिषेक किया गया। सुबह हल्दी-मेहंदी का आयोजन होगा और उसके पश्चात भजन कीर्तन और विवाह संगीत भी मंदिर परिसर में महिला मंडल के द्वारा किया जाएगा। दिव्य विवाह को लेकर क्षेत्र में उत्साह का वातावरण है और मार्ग को ध्वज और फूलों से सजाया जा रहा है। सुबह से ही महिलाओं में उत्साह था और उन्होंने मंगल गीत आदि का आयोजन किया। मंगलवार को शाम चार बजे बारात निकाली जाएगी और उसके पश्चात स्नेह भोज का आयोजन किया जाएगा।

उक्त आयोजन शहर के श्रीराम मंदिर राठौर समाज कस्बा में किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए आयोजन समिति के आलेख राज राठौर ने बताया कि हंसदास मठ सिद्धपुर सीहोर के महंत हरिदाम दास महाराज की प्रेरणा से भव्य आयोजन किया जा रहा है। विवाह महोत्सव को दिव्य और भव्य बनाए जाने के लिए विशाल क्षेत्र में विशाल बारात निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि भगवान का पाणिग्रहण संस्कार मंगलवार को शहर के कस्बे में किया जाएगा और शाम को भव्य बारात निकाली जाएगी। विवाह स्थल कस्बा स्थित श्रीराम मंदिर राठौर समाज धर्मशाला में किया जाएगा। ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाए जाने के लिए पत्रिका भेजी जा रही है।

बारात प्रस्थान हनुमान फाटक कस्बा से राठौर धर्मशाला कस्बा के लिए प्रस्थान करेगी। इस मौके पर क्षेत्र में बारात का स्वागत घर-घर से पुष्प वर्षाकर किया जाएगा। पंचांग के अनुसार मार्गशीर्ष मास (अगहन) के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को विवाह पंचमी मनाई जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इसी शुभ दिन पर माता सीता और भगवान राम का विवाह मिथिलांचल में संपन्न हुआ था। इसलिए लोग इस दिन को भगवान राम और माता सीता के विवाहोत्सव या वैवाहिक वर्षगांठ के रूप में मनाते हैं. कहा जाता है कि, इसी दिन तुलसीदास जी के द्वारा रामचरितमानस भी पूरा किया गया था।

विवाह पंचमी के दिन रामजी और माता सीता का विवाह कराया जाता है, पूजा पाठ किए जाते हैं। मान्यता है कि इससे घर पर खुशियों का आगमन होता है और वैवाहिक जीवन में प्यार बढ़ता है। ज्योतिष में विवाह पंचमी पर किए जाने वाले कुछ उपायों के बारे में भी बताया गया है। इन उपायों को करने से कुंवारी कन्याओं की शादी में आने वाली बाधाएं दूर होती है और उनके हाथ पीले होते हैं। इस साल विवाह पंचमी मंगलवार को पड़ रही है। इसी दिन भगवान राम और सीता जी का वैवाहिक वर्षगांठ मनाया जाएगा।

### शासकीय कन्या महाविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित हुई प्रतियोगिता

# संभाव स्तरीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में भोपाल विजेता व रायसेन बनी उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सोमवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर के तत्वावधान में संभाग स्तरीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का सफल एवं भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में भोपाल संभाग के अंतर्गत सीहोर, भोपाल, रायसेन एवं राजगढ़ जिले की महिला फुटबॉल टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता का आयोजन सीहोर आवासीय खेलकूद परिसर के फुटबॉल मैदान में किया गया जहां खिलाड़ियों के जोश, रणनीति और खेल भावना ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके पश्चात मुख्य अतिथियों द्वारा प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ किया गया। शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर की प्राचार्य डॉ. मंजरी अग्निहोत्री ने अपने उद्घाटन उद्बोधन में कहा कि महिला खिलाड़ियों की उभरती प्रतिभा खेलों के भविष्य को नई दिशा दे रही है। ऐसे आयोजन न केवल खेल संस्कृति को मजबूत बनाते हैं बल्कि महिलाओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं। इसी प्रकार महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी रवि विरहा ने कहा कि हमारा उद्देश्य महिला खिलाड़ियों को क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाना है। यह आयोजन प्रतिभा विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



प्रतिस्पर्धा और निर्णायक मंडल मैचों का संचालन अत्यंत निष्पक्षता और कुशलता से नेशनल रेफरी श्री ध्रुव भैरवे, दीपक अहिरवार, आदित्य एवं पुष्प यादव द्वारा किया गया, जिन्होंने निर्णायक भूमिका निभाते हुए प्रतियोगिता की गुणवत्ता और विश्वसनीयता सुनिश्चित की। समिति संरचना एवं सक्रिय सहभाग प्रतियोगिता के सफल संचालन में विभिन्न समितियों का सहयोग सराहनीय रहा। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए पीजी कॉलेज के क्रीडा अधिकारी अनिल पिपलोदिया, ममतेश परमार लॉ कॉलेज, रमाकांत रिछारिया, मनोज कनोजिया सचिव जिला फुटबॉल संघ एवं महाविद्यालय का तमाम स्टाफ उपस्थित होकर सहयोग बनकर यह प्रतियोगिता को संपन्न कराया। इस मौके पर विजेता टीम भोपाल एवं उपविजेता रायसेन टीम का सम्मान किया गया। सभी खिलाड़ियों को सहभागिता प्रमाण पत्र तथा विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### विद्युत उपभोक्ताओं को छूट प्राप्त करने का मौका

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के 16 जिलों के उपभोक्ताओं के लिए धारा 126 में लंबित प्रकरणों में लोक अदालत की तर्ज पर छूट प्रदान करने का अवसर उपलब्ध कराया गया है। इसके लिए उपभोक्ताओं को ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन आवेदन करने की सुविधा दी गई है। आवेदन एक दिसंबर से शुरू होकर 31 दिसंबर तक लिए जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन के लिए उपभोक्ता कंपनी पोर्टल पर जाकर प्रदर्शित क्वीक लिंक टैब में "Rebate As lokadalat in section 126" पर क्लिक कर आवेदन प्रस्तुत करना होगा। कंपनी के portal.mpcz.in पोर्टल पर कंज्यूमर आईडी की प्रविष्टि करते ही उपभोक्ता को धारा-126 में दर्ज लंबित प्रकरण प्रदर्शित होगा। उपभोक्ता को लोक अदालत की तर्ज पर धारा-126 में छूट प्राप्त किए जाने हेतु 'उपभोक्ता के परिसर या अन्य परिसर पर संयोजन के विरूद्ध विद्युत देयक की बकाया राशि नहीं है तथा विचाराधीन प्रकरण पर धारा 127 के अंतर्गत गठित अपीलीय प्राधिकरण के समक्ष या किसी अन्य न्यायालय के समक्ष कोई अपील लंबित नहीं है न ही निर्णित है' सत्यापित कर सबमिट करना होगा। इसके बाद उपभोक्ता ऑनलाइन भुगतान का विकल्प चयन कर भुगतान कर सकते हैं।

### किसान, गोबर और गोमूत्र से खाद बनाएं

**सीहोर।** किसान भाई सदियों से गोबर से खाद बनाता आया है। कृषि विभाग के अधिकारी प्राकृतिक संसाधनों से जैविक खाद का अपयोग करने की सलाह लगातार दे रहे हैं। अब कई किसानों ने गौ-मूत्र और गोबर, पत्तों से खाद बना कर खेतों में उपयोग किया जा सकता है। हम सभी को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में अपनी भूमिका निभानी होगी। प्राकृतिक खेती हम सभी के लिये लाभदायक है। किसान अपने खेत पर गोबर और गोमूत्र से खाद भी बनाया है। मध्य प्रदेश के किसान प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। कई किसानों ने अपने खेत में प्राकृतिक खेती प्रारंभ की है। वे गोबर, गोमूत्र, मिट्टी, पत्ते, वनस्पति और गुण से जीवामृत बना रहे हैं। प्राकृतिक संसाधनों से खाद बनाने में लागत भी कम आती है और फसल में पैदावार भी अच्छी होती है। प्रदेश में प्राकृतिक उत्पाद की मांग बढ़ी है।

### खराब व जले ट्रांसफार्मर की शिकायत 1912 पर करें

**सीहोर।** विद्युत वितरण कंपनी के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ता कॉल सेंटर 1912 पर खराब तथा जले वितरण ट्रांसफार्मर की शिकायत करके उसका समाधान प्राप्त कर सकते हैं। विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक ने कहा है कि कंपनी निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाओं के लिए हमेशा तत्पर है। शहरी अथवा ग्रामीण उपभोक्ता 1912 का उपयोग कर मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की त्वरित सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

### फ्री लिमिट से ज्यादा रुपए निकालना 2 रुपए महंगा

**सीहोर।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने एटीएम से पैसे निकालने पर लगने वाले चार्ज बढ़ा दिए। फ्री लिमिट पार करने पर हर ट्रांजेक्शन पर अब 23 रुपए देने होंगे।

## एसआईआर के साथ राजस्व कार्य नियमित रूप से संपादित किए जाएं : कलेक्टर बालागुरु के.

# भावांतर के तहत किसानों को भुगतान में तेजी लाने के निर्देश, सोयाबीन खरीदी की व्यवस्था दुरुस्त रखें

### कलेक्टर ने रेलवे एवं राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की, कार्य में विलंब पर जताई नाराजगी, संबंधित अधिकारियों को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें प्राथमिकता से बंद कराई जाएं।

कलेक्टर बालागुरू के. ने टीएल बैठक के दौरान रेलवे एवं नेशनल हाइवे से संबंधित विकास परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने भूमि आवंटन, मुआवजा वितरण तथा विभाग को कब्जा उपलब्ध कराने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में हो रही देरी पर नाराज़गी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इन कार्यों में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि रेलवे और राष्ट्रीय राजमार्ग जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं राज्य के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं, इसलिए सभी विभाग कार्य में तेजी लाएं और लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने चेतावनी देते हुए कहा कि आगे देरी पाई जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक में अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा, एसडीएम स्वाति मिश्रा सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

### मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाएं

कलेक्टर बालागुरू द्वारा एसआईआर की प्रगति की समीक्षा के दौरान मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की विधानसभा वार जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य की गति और गुणवत्ता में सुधार लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से कहा कि ड्राफ्ट रोल की तैयारी समय सीमा में पूरी होनी चाहिए। उन्होंने सभी बीएलओ एवं संबंधित अमले को त्रुटियों का त्वरित सुधार करने पर जोर देते हुए कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की आधारशिला है, इसलिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि फील्ड में नियमित मॉनिटरिंग करें निर्धारित समयसीमा में शत-प्रतिशत पूर्ण करें। उन्होंने यह भी कहा कि ड्राफ्ट रोल की गुणवत्ता सुनिश्चित करें। कलेक्टर बालागुरू के ने कृषि उपज मंडियों में सोयाबीन खरीदी की प्रगति तथा भावांतर भुगतान की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि भावांतर योजना के अंतर्गत पात्र किसानों को अंतर की राशि का त्वरित भुगतान सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने विशेष रूप से यह भी कहा कि जिन किसानों के भुगतान किसी कारणवश फेल हुए हैं, उनके मामलों को प्राथमिकता से लेकर तुरंत सुधार कर भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खरीदी प्रक्रिया 'पूरी तरह सुचारू और पारदर्शी' रूप से संचालित की जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

**नवीन पात्रता पर्ची प्राप्त करने वाले हितग्राहियों की ई-केवायसी :** कलेक्टर बालागुरू के ने जिले में खाद वितरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए स्पष्ट कहा कि खाद के लिए किसानों को कतई परेशानी न हो। उन्होंने कृषि, सहकारिता और मार्कफेड के अधिकारियों को स्टॉक की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था और मांग के अनुरूप आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने खाद्यान्न वितरण प्रणाली की समीक्षा के दौरान जिले में खाद्यान्न वितरण एवं पात्रता पर्ची के सत्यापन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नवीन पात्रता पर्ची प्राप्त करने वाले सभी हितग्राहियों की ई-केवायसी कार्यवाही प्राथमिकता से करें , ताकि उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से मिल सके। साथ ही कलेक्टर ने अधिकारियों को संदिग्ध हितग्राहियों का फील्ड-लेवल सत्यापन कर अपात्र व्यक्तियों के नाम सूची से हटाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि अपात्र लोगों के नाम बने रहने से वास्तविक जरूरतमंदों को नुकसान होता है, इसलिए इस कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्टर बालागुरू के ने टीएल बैठक में राजस्व अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि एसआईआर के कार्यों के साथ-साथ राजस्व के मूल कार्य नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन आदि भी नियमित रूप से संपादित किए जाएं। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों के राजस्व संबंधी मामलों में किसी भी प्रकार की कठिन नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी कामों के लिये नागरिकों को परेशान न होना पड़े कलेक्टर ने निर्देश दिए कि राजस्व अमला फील्ड में सक्रिय रहकर कार्य करे, लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करे और जनता को त्वरित एवं पारदर्शी सेवाएं प्रदान करें।

# सांसद खेल महोत्सव के तहत मंडल स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज हुआ

### लाड़कुई मंडल के भिलाई व पांचौर में उमड़ा जनसैलाब, युवाओं में दिखा जबरदस्त उत्साह





हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

भारतीय जनता पार्टी के लाड़कुई मंडल अंतर्गत सांसद खेल महोत्सव सांसद क्रिकेट प्रतियोगिता का सोमवार को शुभारंभ ग्राम भिलाई एवं पांचौर में जोश और उत्साह के साथ किया गया। पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय एवं लाड़कुई मंडल अध्यक्ष पवन मीणा के फीता काट कर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर खेल प्रेमियों, युवाओं और ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे पूरा क्षेत्र खेल उत्सव के रंग में रंगा हुआ नजर आया। इस आयोजन में जिले के पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह ठाकुर, आदिवासी वित्त विकास निगम के अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील बारेला, युवा नेता संजय पटेल, गोपालपुर मंडल अध्यक्ष पंकज पंवार, ग्राम पंचायत भिलाई के सरपंच शोभाराम सामले, वरिष्ठ नेता कैलाश माहेश्वरी, किशन सैनी, मंडल उपाध्यक्ष अरविंद मंडलोई, बबलू पटेल, अशोक यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता, पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव केवल एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देने का एक सशक्त अभियान है। इस प्रकार के आयोजनों से युवाओं में आत्मविश्वास के साथ-साथ अनुशासन, टीम भावना और खेल संस्कृति का विकास होता है। खिलाड़ियों ने भी मैदान पर शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। आयोजकों ने विदिशा संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा बुधनी विधायक पंडित रमाकांत भार्गव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी प्रेरणा व सहयोग से ही क्षेत्र के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर मिल रहा है। पूरे क्षेत्र में इस क्रिकेट कप को लेकर खासा उत्साह है और आगामी मुकाबलों को लेकर ग्रामीणों में जबरदस्त उत्सुकता बनी हुई है। सांसद खेल महोत्सव ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि ग्रामीण अंचलों में भी प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें मंच देने की जरूरत है।

### गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ




**बुधनी।** रविवार को स्थानीय खेल मैदान पर विराट 51 कुण्डीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ मंगल कलश यात्रा के साथ हुआ। 26 नवंबर तक आयोजित इस महायज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। पीले वस्त्र धारण कर महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई, जो खेड़ापति नुमान मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कार्यक्रम स्थल तक पहुंची। यात्रा के दौरान गाजे-बाजे और पारंपरिक नृत्य आकर्षण का केंद्र रहे अनेक स्थानों पर नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किय विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में हो रहा यह आयोजन युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के संकल्प—"मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण"—को साकार करने की दिशा में एक प्रेरक प्रयास है यह महायज्ञ अखण्ड दीप के जन्मशताब्दी वर्ष और परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा की स्मृति को भी समर्पित है चार दिवसीय इस आयोजन में देव पूजन,वैदिक संस्कार, संकल्प दीप महायज्ञ और पूर्णाहुति कार्यक्रम शामिल हैं। वहीं स्थल पर युग साहित्य की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से इस धार्मिक उत्सव में शामिल होने की अपील की है।

# पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में मनाया गया गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस

### गुरु तेग बहादुर के जीवन के बारे में विद्यार्थियों को दी जानकारी




**सीहोर।** सीहोर स्थित पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत गुरु तेग बहादुर सिंह का 350वां शहीदी दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर आमिर एजाज एवं डॉक्टर शीलचंद गुप्ता ने विद्यार्थियों को गुरू तेग बहादुर के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि गुरु तेग बहादुर सिंह ने औरंगजेब की दमनकारी नीतियों के विरुद्ध धार्मिक स्वतंत्रता एवं मानव अधिकारों की रक्षा के लिए डट कर संघर्ष किया और यातनाओं के आगे झुकने के स्थान पर शहीदी का चयन किया। उन्होंने कहा कि जब-जब कोई व्यवस्था दमनकारी हो जाती है तब तब समाज में ऐसे लोग अवश्य जन्म लेते हैं जो समाज के उत्थान का कार्य करते हैं। गुरु तेग बहादुर ऐसे ही महापुरुष थे जो यातनाओं एवं अत्याचारों से विचलित नहीं हुए और उन्होंने सद्मार्ग छोड़ने से इनकार कर दिया। इस अवसर पर डॉक्टर तिमोथियस एक्का, डॉक्टर तृप्ता झा, डॉक्टर सिद्धनाथ खजूरिया सहित अन्य प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# पीएम एक्सीलेंस कॉलेज के दो एनसीसी कैडेट्स का भारतीय सेना में हुआ चयन

### सेना में चयनित होकर दो कैडेट्स ने जिले का नाम रोशन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



पीएम एक्सीलेंस कॉलेज के दो एनसीसी कैडेट्स का चयन भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में हो गया है। चयनित होने वाले कैडेट्स में कैडेट अनुराग एनसीसी के द्वितीय वर्ष 'बी सर्टिफिकेट' के कैडेट एंव बीएससी सेकंड ईयर के छात्र हैं, जिनका प्रथम प्रयास में ही अग्नि वीर भर्ती में क्लर्क एवं जनरल ड्यूटी दोनों ही पदों के लिए चयन हो गया। कैडेट सत्यम चौहान एनसीसी के तृतीय वर्ष 'सी सर्टिफिकेट' के कैडेट व बीए तृतीय वर्ष के छात्र हैं।

कैडेट अनुराग ने कहा कि उनकी इस सफलता में एनसीसी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है एनसीसी से ही उन्होंने अपने जीवन में अनुशासन को अपनाया और अनुशासित रहकर तैयारी की जिससे कि आज वह सफलता प्राप्त कर पाए हैं। कैडेट सत्यम चौहान ने बताया कि एनसीसी ने उन्हें कड़ी मेहनत और लगातार प्रयास करना सिखाया, जिससे कि वह आज अपने लक्ष्य को प्राप्त कर पाए हैं। दोनों ही कैडेट्स की इस उपलब्धि के लिए कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर रोहिताश्व कुमार शर्मा ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि एनसीसी छात्रों के समग्र विकास का सशक्त माध्यम है। इस सफलता के लिए दोनों कैडेट्स को उपप्राचार्य एवं पूर्व एनसीसी प्रभारी डॉ उदय डोलस, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. कमलेश अहिरवार, सहायक एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट सतीश शर्मा, पूर्व सीटीओ श्याम कुमार सहित कॉलेज के सभी प्राध्यापकों, स्टाफ, एनसीसी कैडेट्स और विद्यार्थियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

## चार युवकों ने मिलकर चार यूनिट रक्तदान किया

# पीजी कॉलेज में रक्तदान कर मनाया एनसीसी दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद शासकीय अग्रणी महाविद्यालय सीहोर के एनसीसी कैडेट्स ने एनसीसी दिवस के अवसर पर रक्तदान कर मानवता के प्रति अपनी सजकता और प्रतिबद्धता का परिचय दिया है। भोपाल के चिरायु चिकित्सालय में आरोन (गुना) निवासी राजेंद्र शर्मा की ओपन हार्ट सर्जरी हेतु चार यूनिट रक्त की आकस्मिक आवश्यकता थी उनके पुत्र सुरेंद्र शर्मा ने चंद्रशेखर आजाद महाविद्यालय सीहोर के एनसीसी अधिकारी से रक्त के लिए आग्रह किया। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट सतीश शर्मा के आह्वान पर चंद्रशेखर आजाद महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स आर्यन वर्मा, विकास परमार, अजय वर्मा एवं महात्मा गांधी महाविद्यालय के एनसीसी केयरटेकर अरविंद वर्मा तुरंत चिरायु अस्पताल पहुंचे और चारों ने सहर्ष चार यूनिट रक्तदान किया।

कैडेट्स आर्यन ने बताया कि रक्तदान कर वह बहुत सुखद अनुभव कर रहे हैं। कैडेट विकास परमार ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद महाविद्यालय सीहोर की एनसीसी इकाई की यह परंपरा रही है कि सभी कैडेट जरूरतमंदों के लिए रक्तदान व समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। इसकी प्रेरणा उन्हें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर रोहिताश कुमार शर्मा व गणित के अध्यापक एवं पूर्व एनसीसी अधिकारी डॉ उदय डोलस से हमेशा मिलती रहती है। सभी कैडेट्स रक्तदान कर खुश हैं। एनसीसी केयरटेकर अरविंद वर्मा ने कहा कि आज एनसीसी दिवस है और यह हमारा सौभाग्य है आज के दिन हमें रक्तदाराम करने का अवसर मिला। मरीज के परिजन सुरेंद्र शर्मा ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रोहिताश्व कुमार शर्मा, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट सतीश शर्मा व महाविद्यालय की एनसीसी इकाई का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आज तक एनसीसी की समाज के प्रति समर्पण की कहानीयां सुनी थी, आज प्रत्यक्ष देख भी लिया है एनसीसी कैडेट्स ने वाकई समाज सेवा और संवेदनशीलता की जीती जागती मार्शल कायम की है।

# माधव आश्रम में कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

माधव महाकाल आश्रम में रविवार को उत्सव का माहौल बना रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की ओर माधव महाकाल आश्रम के व्यवस्थापक संचालक भागवत कथा वाचक संत मोहित रामजी पाठक को फूल मालाए पहना कर उनका सम्मान किया और जन्मदिवस की बधाई शुभकामनाएं दी। संत मोहित राम पाठक ने सभी को अपना आशीष प्रदान किया इस अवसर पर प्रमुख रूप से जितेंद्र तिवारी, सेवा यादव, प्रेमलता राठौर, दिनेश राठौर, लक्ष्मण चौकसे, राजेंद्र नागर श्रद्धालु जन उपस्थित रहे।

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार (क्रेता) श्री तुलसीराम परमार आ० श्री देवीसिंह निवासी ग्राम अब्दुल्लापुर तहसील व जिला सीहोर ने विक्रेता बाबूलाल आ० लक्ष्मण सिंह कृषक / निवासी ग्राम आमाझिर, तहसील व जिला सीहोर म.प्र. से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि भूखण्ड जिसका खसरा क्रमांक 455/4 (एस) रकबा 2.0230 हे0, स्थित ग्राम ग्राम आमाझिर तहसील व जिला सीहोर को क्रय करने हेतु टोकन बयाना राशि अनुबंध पत्र निष्पादित कर अदा कर दी है। उक्त वर्णित भूमि के सम्बंध मे किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, फर्म, शासकीय अथवा गैर सरकारी संस्थाओं को कोई आपत्ति हो या कहीं कोई दान, बंधक, गिरवी, हस्तांतरण, विक्रय, अनुबंध इत्यादि हो तो वह व्यक्ति या संस्था इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर मय दस्तावेज मेरे कार्यालय मे उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें समयावधि के पश्चात मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति का पंजीयन अपने पक्ष में अथवा उनके कहे अनुसार व्यक्तियों के पक्ष मे करा लेंगे, उस स्थिति मे कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय, **हनमत सिंह मेवाड़ा,**
अधिवक्ता जिला सीहोर
मो. 9753786162

## निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास ला रहे रंग

# एसआईआर: जिले की पांचों विधानसभाओं को मिलाकर 65 फीसदी कार्य पूर्ण हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

इसे एक बड़ी उपलब्धि ही कहा जाएगा की राजगढ़ जिले में मतदाता सूचियों का स्पेशल इंटेसिव रिवीजन (एसआईआर) कार्य लगभग 65 फीसदी के लगभग पूर्ण हो चुका है। एसआईआर कार्य के शुरूआती दिनों में जहां राजगढ़ जिला मप्र के अंडर 5 जिलों में शामिल था, वहीं अब बढ़त बनाते हुए अन्य जिलों की अपेक्षा अच्छे मुकाम पर पहुंच चुका है। जिले में कुल 11 लाख 78 हजार 113 मतदाताओं के गणना पत्रकों का डिजिटाईजेशन होना है, जिनमें से कल 23 नवंबर की शाम 6 बजे तक की स्थिति में 7 लाख 60 हजार 78 मतदाताओं के फार्म डिजिटाईज्ड किए जा चुके थे।

आपको बतादें कि जिले में मतदाता सूचियों का यह गहन पुनरीक्षण कार्य 4 नवंबर से आरंभ हुआ था। शुरूआत के सात-आठ दिन तो गणना पत्रकों को घर-घर बांटने में ही निकल गए। ऐसे में एसआईआर कार्य की प्रगति जिले में खासी अच्छी नहीं थी। ऐसे में जिला निवार्चन अधिकारी, उप-जिला निवार्चन अधिकारी एवं एडीएम प्रताप सिंह चैहान, सभी पांचों अनुभागों के रिटर्निंग ऑफिसरों ने इस कार्य को सर्वोच्य प्राथमिकता में रखा। अधिकारियों द्वारा जहां एसआईआर कार्य में लापरवाही बरतने वाले बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) पर सस्पेंशन सहित अन्य कार्यवाहियां की गई वहीं अच्छे प्रदर्शन वाले बीएलओ को सम्मानित भी किया गया। इसी का नतीजा है कि आज जिले की पांचों विधानसभाओं को मिलाकर लगभग 65 फीसदी गणना पत्रकों का डिजीटाईजेशन पूर्ण हो चुका है।

### दिन के साथ-साथ रात में भी कार्य कर रहा एसआईआर कार्य से जुड़ा अमला



11 दिन की अवधि ही शेष बची है।

### एसआईआर कार्य में खिलचीपुर विस अव्वल

एसआईआर कार्य की विधानसभावार प्रगति की बात करें तो पांचों विधानसभाओं में खिलचीपुर विस अव्वल है। 23 नवंबर की शाम 6 बजे तक खिलचीपुर विधानसभा में लगभग 73.26 प्रतिशत मतदाताओं के गणना पत्रकों को डिजिटाईज्ड करने का कार्य पूर्ण किया जा चुका था।

### हर 2 घंटे में हो रही एसआईआर कार्य की मॉनिटरिंग

अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन हर 2 घंटे में बूथवाइज एसआईआर कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए रिपार्टस प्राप्त की जा रही है। सभी बीएलओ, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी, निकायों व पंचायत का अधीनस्थ अमला दिन के साथ-साथ रात में भी इस काम को पूर्ण करने में जुटा हुआ है।

### 4 दिसंबर तक की डेडलाइन, 11 दिन शेष

निर्वाचन आयोग ने एसआईआर का संपूर्ण कार्य 4 दिसंबर 2025 तक पूर्ण करने की समय-सीमा निर्धारित की हुई है। ऐसे में शेष बचे मतदाताओं से प्राप्त गणना-पत्रकों को डिजिटाइज्ड करने में अब सिर्फ

### एसआईआर पूर्णता की विधानसभा वार स्थिति

| विधानसभा | मतदाता | डिजिटाईजेशन | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| नरसिंहगढ़ | 245354 | 155082 | 63.21 |
| ब्यावरा | 246317 | 146396 | 59.43 |
| राजगढ़ | 237827 | 139756 | 58.76 |
| खिलचीपुर | 238320 | 174594 | 73.26 |
| सारंगपुर | 210295 | 144250 | 68.59 |
| कुल | 1178113 | 760078 | 64.52 |

जिला निर्वाचन कार्यालय, राजगढ़)

### इनका कहना है...

सामूहिक प्रयासों एवं मेहनत से एसआईआर कार्य की प्रगति में उत्तरोत्तर बढ़ोतरी हुई है। निर्धारित डेडलाइन तक इस काम को 100 फीसदी पूर्ण कर लेंगे।

**प्रताप सिंह चौहान, एडीएम एवं उप-जिला निवार्चन अधिकारी, राजगढ़**

---

## नहरों से सिंचाई की मॉनिटरिंग के लिए बनाया एकीकृत कंट्रोल रूम

# इस वर्ष मोहनपुरा बांध से 1 लाख 47 हजार हे. क्षेत्र में होगी सिंचाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले की दशा और दिशा में आमूलचूल बदलाव लाने वाली मोहनपुरा सिंचाई परियोजना से इस साल अपने तय लक्ष्य 1 लाख 45 हजार हेक्टेयर से भी बढ़कर 1 लाख 47 हजार 155 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रेशराईज्ड नहरों से खेतों में सिंचाई होगी। अंडरग्राउण्ड प्रेशराईज्ड पाइप लाईनों के जरिए बांध से सीधे खेतों तक पानी पहुंचाने की इस परियोजना के लिए जिला मुख्यालय पर एकीकृत नियंत्रण कक्ष भी बनाया गया है। यहां से मोहनपुरा के साथ ही कुंडालिया बांध के सभी 7 पंप हाऊसों पर नियंत्रण रखा जा सकेगा। आपको बतादें कि मोहनपुरा बांध की चार अलग-अलग योजनाओं के तहत एक लाख 45 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई प्रस्तावित थी, लेकिन क्षेत्र की बढ़ती सिंचाई जल की मांग को देखते हुए तकनीकि अमले ने प्रोजेक्ट को और अधिक प्रभावी करते हुए अतिरिक्त किसानों को लाभांवित किया है। इससे डेम से सिंचाई क्षमता बढ़कर एक लाख 47 हजार 155 हेक्टेयर पर पहुंच गई है।

### रुका पलायन, आए आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृति बदलाव

मोहनपुरा बांध की नहरों शुरू होने के पहले जिले से हर साल 51 हजार लोग स्थाई व एक लाख से अधिक लोग रोजगार के लिए अन्य जिलों व राज्यों में अस्थाई पलायन करते थे। पलायन का यह ग्राफ तेजी से कम हुआ और लोग यहीं रहकर स्थाई रूप से दो व तीन फसलों की खेती करने लगे हैं। इससे किसानों को जहां आर्थिक लाभ हुआ। वहीं सामाजिक एवं सांस्कृति बदलाव भी अब नजर आने लगे हैं।

### इनका कहना है...

पूरी टीम के सतत प्रयासों से निर्धारित अवधि में लक्ष्य से भी अधिक पूर्ति करते हुए बांध से सीधे खेतों तक हम पानी पहुंचा रहे हैं।

**विकास राजोरिया, अधीक्षण यंत्री एवं परियोजना प्रशासक एमकेपीएमयू, राजगढ़**

---

# 10 लाख रुपए से होना है मोरसरा पुलिया का निर्माण

**लखनवास।** ब्यावरा जनपद की ग्राम पंचायत सुंदरपुरा में सात महीने पहले राशि निकाल ली गई। जमीनी स्तर पर कोई निर्माण कार्य नहीं किया गया। जब आठ नबंवर को सामचार पत्र में प्राथमिकता से उठाया तब जाकर ग्राम पंचायत सुंदरपुरा के सरपंच व सचिव ने पुलिया निर्माण कार्य शुरू किया। सुंदरपुरा की मोरसरा पुलिया निर्माण के नाम से बिना काम किए 9 लाख 66 हजार रुपए सरपंच व सचिव ने जनपद के अधिकारी की सांठगांठ से निकाल लिए गया था। जिसका 16 नवम्बर को काम चालू किया गया। अब उसी काम में भ्रष्टाचार किया जा रहा है। 2 फिट नींव खोद कर बिना बेस बनाए सीमेंट पाइप जमीन पर ही रख दिया। डस्ट वाली गिट्टी जिसमें आदि धूल और मिट्टी मिली है उसी गिट्टी का उपयोग किया जा रहा है। दोनों साइट दीवार उठाई जा रही उसमें सीमेंट भी नाम मात्र की मिला रहे है। समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया तो पुलिया ज्यादा दिन टिकने वाली नहीं है। पहली बारिश में उखड़ जाएगी।

### इनका कहना है...

अभी मैं हड़ताल में था। कल जाकर देखूंगा।

**अरुण कुमार जनपद पंचायत इंजीनियर ब्यावरा**

---

## 9 डिग्री सेल्सियस पहुंचा जिले का न्यूनतम तापमान

# एक पखवाड़े बाद शीतलहर से मुक्ति, पारे में भी उछाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में बीते करीब एक पखवाड़े से चल रही शीतलहर से परेशान लोगों ने अब कहीं जाकर राहत की सांस ली है। शीतलहर बंद होने के साथ-साथ न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। कुछ दिनों पहले जिले का न्यूनतम तापमान जो 5 डिग्री सेल्सियस लुढ़क चुका था वो अब बढ़ते हुए 9 डिग्री तक पहुंच चुका है।

रविवार को पूरे दिन राजगढ़ नगर सहित जिले भर में धूप खिली रही। जिन किसानों ने अपने खेतों में बोवनी कर रही है, उनकी फसलों के लिए यह धूप काफी अनुकूल रहेगी। हालांकि, शाम होते ही पुनः ठंड का अहसास हो रहा है और लोग गर्म कपड़े पहनकर ही बाहर निकल रहे हैं। मौसम के जानकारों के अनुसार अगले कुछ दिनों तक जिले का न्यूनतम तापमान 8-9 डिग्री के आसपास ही रहेगा परन्तु दिसंबर की शुरूआत के साथ ही तापमान में गिरावट शुरू हो जाएगी।

**बीते एक हफ्ते में जिले का तापमान (तापमान डिग्री/सेल्सियस में)**

| दिनांक | न्यूनतम |
|---|---|
| 23 नवंबर | 9.0 |
| 22 नवंबर | 8.6 |
| 21 नवंबर | 8.4 |
| 20 नवंबर | 7.5 |
| 19 नवंबर | 6.5 |
| 18 नवंबर | 5.8 |
| 17 नवंबर | 5.0 |

---

## संयुक्त टीम को मिली सूचना के बाद की गई कार्रवाई

# भोजपुर, करकरी और पीपल्याकुल्मी में 3 बाल-विवाह रोके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



बाल-सगाई और बाल-विवाह पर पूर्णतः अंकुश लगाने प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा जागरुकता प्रयासों के साथ कार्यवाहियां भी अनवरत जारी हैं। इसी कड़ी में रविवार को महिला बाल विकास विभाग, पुलिस एवं अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की संयुक्त टीम ने सूचना मिलने पर भोजपुर, करकरी और पीपल्याकुल्मी में होने जा रहे तीन संभावित बाल-विवाहों को रुकवा दिया। भोजपुर से मिली सूचना के बाद टीम मौके पर पहुँची। परिजनों ने बताया कि बालिका की केवल सगाई हुई है और शादी अभी नहीं करेंगे। टीम ने परिजनों और ग्रामीणों को स्पष्ट कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह पूरी तरह अवैध है और ऐसा करने पर अनिवार्य रूप से एफआईआर दर्ज की जाएगी।

**15 वर्षीय बालिका का विवाह परिवार ने किया स्थगित:** करकरी गांव में 15 वर्ष की नाबालिग बालिका का विवाह किए जाने की सूचना पर संयुक्त टीम मौके पर पहुँची। पूछताछ में पाया गया कि विवाह की तैयारी चल रही थी। समझाइश के बाद परिवार ने विवाह स्थगित कर दिया और भविष्य में कानून का पालन करने की बात कही।

**पिपलिया कुल्मी में नाबालिग दूल्हा मिला:** पीपल्याकुल्मी गांव में एक नाबालिग का विवाह कराया जा रहा है। मौके पर एक 15 वर्षीय किशोर मिला जिसके शरीर पर हल्दी लगी हुई थी। किशोर ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उसकी शादी होने वाली थी। दस्तावेजों की जांच में उम्र 15 वर्ष ही पाई गई। संयुक्त टीम ने परिजनों को सख्त हिदायत दी कि बाल विवाह कानूनन अपराध है और यदि विवाह कराया तो एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

---

# कबीर पंथ महंत के सानिध्य में में आनंदी चौका आरती संपन्न



**जीरापुर।** सदगुरू कबीर साहेब आनंदी चौका आरती एवं कवरलाल रामीबाई मालवीय की चारधाम यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न करने के उपलक्ष्य में डग बालाजी मंदिर परिसर में आनंदी चौका आरती समारोह संपन्न हुआ। महंत गोपाल दास साहब बरुखेडी, कबीर पंत मंहत आत्माराम दास के सानिध्य में विभिन्न आयोजन सम्पन्न हुए, जहां भक्तों ने श्रद्धा एवं उत्साह के साथ आरती में सहभागिता की।

इस अवसर पर महंत गोपाल दास साहेब ने अपने मुखारबिंदु से बताया कि कबीर पंथ महंतों द्वारा भजन एवं दिव्यवाणियों से समाज जनों को मार्गदर्शी एवं कबीर पंथ द्वारा हर समय मालवी समाज के युवाओं एवं महिलाओं में उत्साह वर्धन करते हैं। इस पुनीत अवसर पर कहा कि आज हमारे समाज में 90 प्रतिशत समाज बंधु मांस मदिरा मुक्त हो चुके हैं। समाज में धार्मिक वातावरण में भजन-कीर्तन के साथ आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया जा रहा है। समाज बंधु महिला बच्चे सभी समाज की उन्नति की ओर प्रयास रत है डग रोड बालाजी मंदिर पर संध्या पाठ एवं भजन सत्संग आयोजन में मुख्य अतिथि लालजी राम मालवीय, पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय, पूर्व विधायक आगर, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कालू सिंह तोमर, कमलसिंह पवांर पुर्व मण्डी अध्यक्ष, पार्षद पवन राठौर माचलपुर, भोजराज गुर्जर रामगढ को साफा फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। जहां पर जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

---

# धूमधाम से मनाई गई वीरांगना झलकारी बाई जयंती

**नरसिंहगढ़।** शनिवार को थावरिया स्थित मां नगरकोट मंदिर परिसर में मां नगरकोट पारायण समिति एवं कोली समाज द्वारा वीरांगना झलकारी बाई जयंती हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ वीरांगना झलकारी बाई के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोविंद प्रसाद महावर, विशेष अतिथि ओमप्रकाश महावर, तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. धन्नालाल महावर ने की।



विशेष अतिथि ओमप्रकाश महावर ने झलकारी बाई को भारत के इतिहास की वीर, साहसी और प्रेरणादायी महिलाओं में एक बताते हुए कहा कि वे रानी लक्ष्मीबाई की सेना में महिला सैनिक दल दुर्गा दल की प्रमुख थीं। मुख्य अतिथि गोविंद प्रसाद महावर ने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में झलकारी बाई के अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला और उनके जीवन परिचय से उपस्थित समाजजनों को अवगत कराया। मंच संचालन देव महावर द्वारा किया गया। उन्होंने वीरांगना झलकारी बाई के बचपन के एक साहसिक प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि कैसे जंगल में लकड़ी लेने गई झलकारी बाई ने केवल कुल्हाड़ी के सहारे बाघ का बहादुरी से सामना किया और उसे परास्त कर दिया। कार्यक्रम में यश महावर, पवन महावर, त्रिलोक महावर, महेश महावर, अजय महावर, चंदन महावर, भानु महावर, बाबूलाल महावर, दीपक महावर, ललित महावर, हेमंत महावर, किशोर महावर सहित कोली समाज के अनेक सदस्य मौजूद रहे।

---

# जनजातीय गौरव दिवस और भगवान बिरसा मुंडा जयंती उत्साहपूर्वक मनाई



**सारंगपुर।** स्थानीय सेवा सदन कार्यालय में मंगलवार को जनजातीय गौरव दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा जयंती उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल, सांसद रोडमल नागर, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह, एसपी अमित तोलानी सहित अन्य अतिथियों ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। मंत्री टेटवाल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा केवल आदिवासी अस्मिता के प्रतीक ही नहीं, बल्कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे। अंग्रेजी शासन के अत्याचार, आदिवासियों की जमीनों की लूट और शोषण के विरुद्ध उनका संघर्ष इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दे चुके हैं।

मंत्री ने इस अवसर पर घोषणा की कि सारंगपुर में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी तथा आदिवासी समाज के इतिहास व अध्ययन हेतु पुस्तकालय भी खोला जाएगा। वहीं सांसद ने कहा कि बिरसा मुंडा ने जो संघर्ष अधूरे छोड़, उन्हें आगे बढ़ाना हम सभी का दायित्व है। कार्यक्रम में बडवानी और राजगढ़ से आए आदिवासी कलाकारों ने पारंपरिक परिधान में सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय बन गया। अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष राम भील ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक और प्रेरणादायी हैं। उनका जीवन हमें अन्याय के विरुद्ध खडे होने की शक्ति देता है। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आदिवासी छात्राओं को सम्मानित भी किया गया।

---

# अपर कलेक्टर ने एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया

**सारंगपुर।** रविवार को ग्राम तारागंज स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 118 पर चल रहे एसआईआर कार्य का प्रशासनिक टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। राजगढ़ के अतिरिक्त कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान एवं एसडीएम रोहित बम्होरे सारंगपुर नायब तहसीलदार गोपाल चौहान ने स्थल पर पहुंचकर बीएलओ द्वारा किए जा रहे एसआईआर प्रक्रिया की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन से संबंधित फार्मों की जांच की तथा कार्य की पारदर्शिता एवं शुद्धता पर जोर दिया। इस दौरान अतिरिक्त कलेक्टर ने बीएलओ को निर्देश दिए कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में शामिल हो तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि न रहे। उन्होंने घर-घर सत्यापन कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने और पात्र मतदाताओं को मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

---

गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ के नए जिला समन्वयक का सर्वसम्मति से हुआ चयन

## गायत्री परिवार की जिला बैठक आयोजित

# मातृशक्ति व अखंड दीप जन्मशताब्दी वर्ष की कार्ययोजना तैयार की गई

**ब्यावरा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार जिला राजगढ़ की जिला बैठक रविवार को स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ पर सुबह 10 बजे संपन्न हुई। अखंडदीप एवं वंदनीया माताजी जन्मशताब्दी वर्ष 2026 के अंतर्गत आयोजित इस बैठक में जिले भर के सक्रिय परिजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम में आगामी वर्ष के लिए संगठन के विस्तार और जन-जागरण अभियानों की रूपरेखा तय की गई। बैठक का शुभारंभ गुना उपजोन प्रभारी महेश केवट, जिला समन्वयक डॉ. ओपी पवार, युवा जिला समन्वयक भारत सिंह राठौड़ एवं मुख्य ट्रस्टी एड.आशीष उपाध्याय के मुख्य आतिथ्य में हुआ। अतिथियों ने गुरुदेव एवं गायत्री माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर बैठक की शुरुआत की। इसके बाद अर्चना साहू एवं कृष्णा सैनी ने युग




निर्माण सत संकल्प का वाचन कराया। बैठक में प्रांतीय युवा चिंतन शिविर के संकल्पों को तहसील स्तर तक ले जाने पर मंथन हुआ। वक्ताओं ने बताया कि जन्म शताब्दी वर्ष के अंतर्गत जिले में नए मंडलों का गठन, पत्रिका पाठक सम्मेलन, घर-घर गायत्री यज्ञ एवं संस्कार परंपरा को पुनः स्थापित करने जैसे महत्वपूर्ण अभियान चलाए जाएंगे। वहीं महेश केवट ने कार्यकर्ताओं को शताब्दी वर्ष में पूरी ऊर्जा के साथ जुट जाने का आह्वान किया।

बैठक के अंत में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए युवा संगठन में नेतृत्व परिवर्तन की घोषणा की गई। वर्तमान युवा जिला समन्वयक भारत सिंह राठौर ने आगामी कार्ययोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु किशोर जानोरिया का नाम नए युवा प्रकोष्ठ जिला समन्वयक के रूप में प्रस्तावित किया। सदन में उपस्थित सभी परिजनों ने करतल ध्वनि के साथ इस प्रस्ताव का सर्वसम्मति से समर्थन किया। एवं भारत सिंह राठौर को जिला समन्वय समिति का जिला सह-समन्वयक बनाया गया। कन्या किशोर कौशल से पूर्णिमा सोनी व आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी से वैशाली वैद्य ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन किशोर जानोरिया ने किया एवं आभार नीलिमा शर्मा ने माना। इस अवसर पर तहसील समन्वयक शीला दांगी, श्याम सुन्दर पाटीदार, हेमंत सक्सेना, उमेश सक्सेना, युवा प्रकोष्ठ से पवन वैष्णव, मोहन लववंशी, राजेश सिंह भदौरिया, विष्णु नागर सहित ब्यावरा से हवलदार सिंह, प्रवीण नामदेव, तेजकरण साहू, हरीश सक्सेना, चंद्रहास शर्मा, संतोष शाक्य, कानजी सौंधिया, प्रमोद साहू, भवानी शंकर भट्ट, श्रीकृष्ण बंसल, बीएल गुप्ता, जितेन्द्र पंवार, आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत मिली सफलता

आष्टा। पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत व एसडीओपी आकाश अमलकर के मार्गदर्शन में ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिग बालिका की दस्तयाबी हेतु थाना पार्वती पुलिस को विशेष निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देशों के पालन में थाना पार्वती पुलिस ने नाबालिग बालिका को पुणे (महाराष्ट्र) से सुरक्षित दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। दस्तयाब की गई बालिका को विधिसंगत कार्रवाई उपरांत परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। 5 नवंबर को फरियादी रामचंद्र मालवीय, निवासी ग्राम सेवदा थाना पार्वती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना पार्वती में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान नाबालिग की पतारसी हेतु एक विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्यों व मुखबिर सूचना के आधार पर टीम को पता चला कि नाबालिग बालिका पुणे (महाराष्ट्र) में है। टीम तत्काल पुणे रवाना हुई जहां बारामती क्षेत्र में नाबालिग तथा आरोपी पाए गए।पुलिस ने बालिका को सुरक्षित दस्तयाब करते हुए आरोपीअरविंद पिता लेखराम, उम्र 26 वर्षनिवासी – ग्राम डोंगरगांव, थाना धुमा, जिला सिवनी को गिरफ्तार कर लिया। उक्त कार्रवाई में पार्वती थाना पुलिस की भूमिका रही।

### ब्लॉक कांग्रेस ने विधानसभा क्षेत्र के बीएलए और पदाधिकारी के साथ की बैठक

# चुनाव आयोग द्वारा जिले में चलाए जा रहे एसआईआर को लेकर की मुद्दों पर चर्चा

**बीएलओ के साथ मिलकर सभी मतदाताओं की प्रक्रिया को पूर्ण करना है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




ब्लॉक कांग्रेस द्वारा आष्टा विधानसभा क्षेत्र के बी एल ए एवं कांग्रेस पदाधिकारी की महत्वपूर्ण बैठक जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के मुख्य अतिथि में आयोजित की गई। जिसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची के एस आई आर के अंतर्गत कांग्रेस के पदाधिकारी और उनसे कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण बी एल ए की भूमिका है। हमारे साथियों को प्रत्येक बूथ पर आने वाले क्षेत्र में बी एल ओ के साथ मिलकर सभी मतदाताओं की प्रक्रिया को पूर्ण करना है। प्रत्येक मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल हो यह लोकतंत्र और हमारे लिए सबसे प्राथमिकता होना चाहिए। इसके साथ ही हमारे पार्टी के पदाधिकारी को भी अपने बूथ और आसपास के क्षेत्र में जो साथी इस काम में लगे हैं उनके साथ बात कर कर काम में और तेजी लाने की आवश्यकता है और साथ ही उन साथियों का हौसला भी बढ़ाने की जरूरत है।

राजीव गुजराती ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी और प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व सांसद सज्जन वर्मा सहित सभी लोग इस प्रक्रिया में लगे लोगों के काम को विशेष रूप से देख रहे हैं। राहुल गांधी लोकतंत्र बढ़ाने की लड़ाई पूरे देश में मजबूती के साथ लड़ रहे हैं। प्रदेश में अध्यक्ष जीतू पटवारी किसान की युवाओ की महिलाओं की आवाज लगातार उठा रहे हैं। ऐसे में हम सब कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का और ज्यादा महत्वपूर्ण काम है कि हम लोगों का अधिकार को सुरक्षित रखें और उनके नाम मतदाता सूची में रहे। इसके साथ ही मतदाता सूची में कोई भी व्यक्ति गलत तरीके से कोई नाम नहीं जोड़ पाए इसका भी हम लोगों को ध्यान रखना है। कांग्रेस कार्यकर्ता का कर्तव्य है कि वहां लोगों के बीच में जाकर लोगों के अधिकारों के लिए उनकी जरूरत के लिए उनका अधिकार मिले इसके लिए हमेशा काम करता रहे। उपरोक्त कार्यक्रम को अखिल भारतीय कांग्रेस सदस्य हरपाल ठाकुर, पूर्व जिला कांग्रेस कैलाश परमार, अष्टा ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र शोभा खेड़ी, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष महेश मुंदीखेड़ी, जावर ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद सिंह सेमली बारी, सिद्धि गंज ब्लाक अध्यक्ष कृपाल सिंह सोलंकी, शहर अध्यक्ष जाहिद गुड्डु, जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह चौहान, महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर, पहलाद सिंह खड़ी ने भी संबोधित किया। उपरोक्त अवसर पर उपस्थितअखिल भारतीय कांग्रेस सदस्य हरपाल ठाकुर, पूर्व जिला कांग्रेस कैलाश परमार, अष्टा ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र शोभा खेड़ी, ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष महेश मुंदीखेड़ी, जावर ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद सिंह सेमली बारी, सिद्धि गंज ब्लाक अध्यक्ष कृपाल सिंह सोलंकी, शहर अध्यक्ष जाहिद गुड्डु, जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह चौहान, महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर, प्रहलाद सिंह खड़ी, कमल सिंह पहलवान, मेहरबान सिंह मुंडी खेड़ी, रमेश मुकाती, घनश्याम जांगड़ा, मनोहर पंडितीय, रामचरण दावरिया, सनोवर खान, राशिद खान, खालिद पठान, तौसीफुद्दीन, हरेंद्र ठाकुर, सईद ट्रेलर, नवाब, लोकेंद्र बनवट, मानसिंह सरपंच, जय सिंह पारदी खेड़ी, शैलेंद्र बावड़ी, राजेंद्र दरबार, राहुल जाट, प्रेम पटारिया, कृपाल मालवीय आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## संभाग स्तरीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सोमवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय के तत्वावधान में संभाग स्तरीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का सफल और भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भोपाल संभाग के अंतर्गत सीहोर, भोपाल, रायसेन व राजगढ़ जिले की महिला फुटबॉल टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन सीहोर आवासीय खेलकूद परिसर के फुटबॉल मैदान में किया गया जहां खिलाड़ियों के जोश, रणनीति और खेल भावना ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई।

इसके पश्चात मुख्य अतिथियों द्वारा प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ किया गया। शासकीय कन्या महाविद्यालय, की प्राचार्य डॉ. मंजरी अग्निहोत्री ने अपने उद्घाटन उद्बोधन में कहा कि महिला खिलाड़ियों की उभरती प्रतिभा खेलों के भविष्य को नई दिशा दे रही है। ऐसे आयोजन न केवल खेल संस्कृति को मजबूत बनाते हैं बल्कि महिलाओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं। क्रीड़ा अधिकारी रवि विरहा ने कहा कि हमारा उद्देश्य महिला खिलाड़ियों को क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाना है। यह आयोजन प्रतिभा विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मैचों का संचालन अत्यंत निष्पक्षता और कुशलता से नेशनल रेफरी ध्रुव भैरवे, दीपक अहिरवार, आदित्य एवं पुष्प यादव द्वारा किया गया, जिन्होंने निर्णायक भूमिका निभाते हुए प्रतियोगिता की गुणवत्ता और विश्वसनीयता सुनिश्चित की।

प्रतियोगिता के सफल संचालन में विभिन्न समितियों का सहयोग सराहनीय रहा। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए पीजी कॉलेज के क्रीडा अधिकारी अनिल पिपलोदिया, ममतेश परमार, रमाकांत रिछारिया, मनोज कनोजिया व महाविद्यालय स्टाफ ने प्रतियोगिता को संपन्न कराया। विजेताभोपाल टीम और उपविजेता रायसेन टीम रही। सभी खिलाड़ियों को सहभागिता प्रमाण पत्र तथा विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# विधायक कार्यालय में हुई आष्टा नगर के सभी 45 मतदान केंद्रों के बीएलए-2 की बैठक

**भाजपा के बीएलए-2 घर घर जा कर एसआईआर अभियान में मतदाताओं का सहयोग करें: गोपालसिंह इंजीनियर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



एसआईआर को ले कर भारतीय जनता पार्टी अति गम्भीर है। चल रहे एसआईआर कार्य को लेकर विधायक कार्यालय में आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आष्टा नगर मंडल के सभी 45 बूथों के बीएलए 2 की बैठक आहूत की। बैठक में जिला प्रभारी धारासिंह पटेल,नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाडा,विधानसभा प्रभारी धनरुपमल जैन,जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती,जिला सह कार्यालय प्रभारी उमेश शर्मा,नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया,जावर मंडल अध्यक्ष विजेन्द्रसिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्तिथ रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने बैठक में उपस्तिथ नगर पालिका के पार्षदगण,पार्षद प्रत्याशियों,बीएलए 2 को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता सूची का जो विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) चल रहा है उसे हम सभी को अति गम्भीरता से लेना है। ये जो कार्य हो रहा है वो मतदाता सूची को पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने का माध्यम है। भाजपा के सभी कार्यकर्ता बीएलए, एसआईआर अभियान में बीएलओ के साथ साथ मतदाताओं का भी पूरा सहयोग करें। इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को प्रतिदिन कुछ समय निकालकर अपने वार्ड के प्रत्येक बूथ पर जाएं।

पार्टी की ओर से सभी मतदान केंद्रों के बीएलए 2 नियुक्त किये गये है। तय कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में जाकर परिवार में विवाह के पश्चात जुड़े नये सदस्यों(बहु) के नाम जुड़वाये,साथ ही जो मतदाता जीवन यापन के लिए रह रहे हैं,किन्तु यहां के स्थाई निवासी नहीं है,उनके नाम की भी चिंता करना है। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में यह सुनिश्चित करें कि किसी भी पात्र मतदाता को एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान कोई परेशानी न होने पाए। जो पात्र है उनके नाम जुड़े,जो अपात्र है,यहा नही रहते है उनके नाम ना जुड़े । चुनाव आयोग एसआईआर प्रक्रिया मतदाता सूची के सटीक और शुद्धिकरण के लिए चलाई जाने वाली प्रक्रिया है, जो समय-समय पर होती रहती है। अगर मतदाता सूची में कुछ ऐसे लोगों के नाम भी हैं, जो कई स्थान पर मतदाता बने हैं तो उनके संबंध में भी बीएलओ और निर्वाचन आयोग को जानकारी देकर मतदाता सूची को सटीक कराने में सहयोग करें। भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ता जिस भी कार्य को संकल्प के साथ शुरू करते हैं, उसे लक्ष्य तक पहुंचाने के बाद ही रूकते है। सभी कार्यकर्ता एसआईआर के कार्यों में सहभागिता कर मतदाताओं की मदद करें।


कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करें कि एक भी वास्तविक मतदाता को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए।विधायक ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया किसी भी अनियमितता को रोकने और मतदाता सूची को स्वच्छ, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने का सबसे शक्तिशाली माध्यम है। हमें जनता को यह बताना होगा कि एसआईआर किसी भी मतदाता का नाम काटने के लिए नहीं है। एसआईआर सिर्फ मतदाता सूची के सटीक शुद्धिकरण के लिए चलाया जाने वाला अभियान है। पार्टी के सभी कार्यकर्ता 4 दिसंबर तक चलने वाले इस अभियान में पूर्ण समर्पण के साथ जुट जाएं।

विधायक ने बीएलओ 2 से चर्चा कर जानकारी ली कि उनेह कही कोई परेशानी तो नही आ रही है । जो बीएलओ नियुक्त किये वे कार्य मे कोई लापरवाही तो नही कर रहे है। बैठक में उपस्तिथ जिला प्रभारी धारासिंह पटेल ने बताया की उक्त कार्य को सभी गम्भीरता से ले,यू तो सभी बीएलओ 2 अच्छा कार्य कर रहे है,फिर भी अगर कोई कार्य मे रुचि नही ले रहे है तो उनके स्थान पर दूसरे को नियुक्त कर सकते है । संगठन ऊपर तक इस कार्य को लेकर अति गम्भीर है,प्रतिदिन वो जानकारी भी ले रहा है । पटेल ने बताया की आज प्रातः तक करीब 60 से 62 प्रतिशत कार्य हो गया है। उक्त कार्य मे हमारा आष्टा क्षेत्र पूरे संभाग में प्रथम स्थान पर है जो सभी की मेहनत का परिणाम है। विधायक कार्यालय में आयोजित हुई बैठक को नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाडा,सुशील संचेती आदि ने भी संबोधित किया।

बीएलए 2 की बैठक में विशाल चौरसिया एवं धनरुपमल जैन ने सभी 45 मतदान केंद्रों पर कितने प्रतिशत कार्य हुआ उसकी जानकारी दी। सभी की उपस्तिथि भी ली गई। बैठक में 45 में से करीब 40 बीएलए 2 उपस्तिथ रहे। बैठक में भाजपा के पदाधिकारी, पार्षदगण, पार्षद प्रत्याशी एवं मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि,बीएलओ 2,बूथ अध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

# कांग्रेसजनों ने मनाई बलबहादुरसिंह की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पित, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष स्वर्गीय रतनसिंह ठाकुर के उत्तराधिकारी के रूप में राजनीतिक विरासत को संभाल कर अपने राजनीतिक सफर में जनपद अध्यक्ष रहे, साथ ही क्षेत्र में कंजर के आतंक को समाप्त करने के लिए कंजरो के विरुद्ध सक्रिय अभियान चलाने वाले, सैंधव समाज के प्रमुख स्वर्गीय बलबहादुरसिंह जिन्हें पूरा क्षेत्र भगत जी के नाम से जानता था उनकी पुण्यतिथि पर सामाजिकजनों, कांग्रेस संगठन व राजनीतिक साथियों द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन स्थानीय कम्युनिटी हाल में आयोजित कर उन्हें याद किया। श्रद्धांजलि सभा में विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, पूर्व नपाध्यक्षगण कैलाश परमार, मीना सिंगी, भाजपा मंडल अध्यक्ष विशाल चौरसिया, व्यापार महासभा अध्यक्ष रुपेश राठौर, वरिष्ठ पार्षद भैय्या मियां, वरिष्ठ कांग्रेस नेतागण प्रहलादसिंह खड़ी, कमलसिंह चौहान, भगवतसिंह वर्मा, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमलसिंह पहलवान, भाजपा नेता कृपालसिंह पटाडा, अखिल भारतीय राष्ट्रीय सदस्य हरपालसिंह ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्रसिंह शोभाखेड़ी, सोहेल मिर्ज़ा, जावर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविन्द सिंह सेमिलीबारी, दशरथसिंह मुरावर, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष सौभालसिंह बागैर, सौभालसिंह मुगली, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष भैया एमपी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुलाबबाई ठाकुर महेन्द्रसिंह टीपाखेड़ी, सलीम अंसारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रशीद नेताजी, पूर्व पार्षद इदरीस मंसूरी, फेजउद्दीन, तोसीफ बाबा, सकल समाज अध्यक्ष नरेन्द्र कुशवाहा, जगदीश चौहान, एचआर परमाल, रिंकू नामदेव, द्वाराका सोनी, राधेश्याम सोनी, अनारसिंह मेवाड़ा, दशरथसिंह मेवाड़ा, महेरवानसिंह मेवाड़ा, नईम खां, बनपसिंह मैना, तेजसिंह वर्मा, महेश चौधरी सेवदा, रशीद नेता, मोहम्मद खालिद सहित बड़ी संख्या में सामाजिक संगठन, व्यापारी संगठन के सदस्यगण मौजूद थे। श्रद्धांजलि सभा का संचालन कांग्रेस नेता विनीत सिंगी ने किया तथा आभार कमलसिंह टीपाखेड़ी ने व्यक्त किया।

# ग्राम झिलेला में टेनिस बॉल प्रतियोगिता का आयोजन फाइनल में खोयरा की टीम ने जीता मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



ग्राम झिलेला में टेनिस बॉल प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबले में ख़ोयरा टीम ने जीता और द्वितीय पुरस्कार झिलेला टिम रही वहीं मुख्य अतिथियों का स्वागत साफा ओर हार पहनकर किया गया और वहीं प्रथम पुरस्कार विजेता रही खोयरा टीम को भोजराज पडियार देवकृपा दूध डेयरी की ओर से दिया गया और द्वितीय पुरस्कार झिलेला टिम को प्रदीप सिंह ठाकुर सह सचिव की ओर से दिया गया वही विशेष अथिति जावर थाना प्रभारी नीता देअरवाल ओर तेज सिंह कप्तान, अकबर सिद्दीकी, रविन्द्र बाबा, ईश्वर, कृपाल सिंह, धर्मेंद्र दरबार, योगी सुरजना, धर्मेंद्र पटेल डोडी, अजय गब्बर जावर ,राजेंद्र सिंह मुरावर ,पंकज पटेल, भेरूपुर, धर्मेंद्र सरपंच महुडिया, संतोष वर्मा ,सतपाल ठाकुर हाजीपुर ,दीपक योगी ,पिंटू ठाकुर सभी का सहयोग रहा कप्तान रितेश पटेल और उप कप्तान शुभम ठाकुर गोपी झिल्ला ने सबका आभार व्यक्त किया।

### आर्यिका ओमश्री का ससंघ नगर में हुआ मंगल आगमन

# ‘जिसका सम्यकदर्शन मलिन है, वह मोक्षमार्ग पर नहीं बढ़ सकता’

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




आचार्यश्री विभव सागर मुनिराज की सुयोग्य शिष्या आर्यिकारत्न श्रमणीश्री ओमश्री माता ससंघ 5 पिच्छिका का मंगल नगर आगमन हुआ। इंदौर नाके से समाजजन एक जुलूस के रूप में ढोल - ढमाके के साथ श्री चंद प्रभ मंदिर अरिहंतपुरम पहुंचे और वहां से पार्वती पुल होते हुए पुरानी सब्जी मंडी से किला मंदिर पहुंचे।श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजमान मुनिश्री प्रवर सागर मुनिराज ने आशीष वचन देते हुए कहां कि जब भव्य आत्माओं की ओर हमारी दृष्टि जाती है, तो ऐसा प्रतीत होता है कि जिनके हृदय में केवलज्ञान रूपी कमल विकसित हो चुका है, वे ही अनंत सुख का अनुभव कर रहे हैं।इसलिए मोक्ष का पुरुषार्थ निरंतर करते रहना चाहिए।

अनंत सुख का अनुभव केवल उसी को मिलता है , जो धर्म का सच्चा पुरुषार्थ करता है। यह कोई साधारण पुरुषार्थ नहीं है।मुनिश्री ने कहां जितने भी अरिहंत और सिद्ध भगवान हुए हैं, वे सामान्य प्रयास से नहीं, बल्कि मोक्ष पुरुषार्थ और धर्म-तप के बल से ही हुए हैं।तप से ही निर्जरा होती है और तप करने के लिए सम्यकदर्शन का होना अनिवार्य है। जहाँ चारित्र होता है, वहीं आत्मा सम्यक्त्व की ओर अग्रसर हो सकती है।जिसका सम्यकदर्शन मलिन है, वह मोक्षमार्ग पर आगे नहीं बढ़ सकता। श्रद्धा जीवित रहनी चाहिए। समीचीन श्रद्धा ही दिगंबर साधुओं के प्रति भक्ति को बढ़ाती है और वही आगे बढ़ने का मार्ग बनाती है। समय के प्रभाव से चक्रवर्ती का अहंकार भी गलित हो जाता है।

भव्य जीव ही कर्णेन्द्रिय जैसे उच्च गुणों को प्राप्त करते हैं, क्योंकि उनमें कषायों का उपशम हो रहा होता है। यह बात हमेशा ध्यान में रखनी चाहिए। अंजन चोर का उदाहरण बताता है कि आसक्ति और कुसंस्कार जीवन को कैसे गिराते हैं। मुनिश्री प्रवर सागर मुनिराज ने कहां एक राजा का राज-पाट छूट गया, पिता ने भी त्याग दिया, क्योंकि जब सदाचार नहीं रहता तब अपने भी मुँह मोड़ लेते हैं।जब मान बढ़ने लगता है, तो समझना चाहिए कि सम्यकदर्शन का प्रभाव कम हो रहा है।जिनेंद्र भगवान की भक्ति से ही पुण्य प्रकट होता है। आज कल परिवारों में जो विसंगति और अलगाव दिख रहा है, उसका कारण समान दृष्टि का अभाव है। जहाँ समान दृष्टि होती है, वहाँ प्रत्येक जीव अच्छा लगता है और परिवारों में एकता बढ़ती है।

# गुरु श्री तेगबहादुर की शहीदी दिवस पर हुआ विशेष व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सोमवार को टैलेण्ट इनोवेटिव हा से स्कूल में नौवें सिख गुरु शरू तेगबहादुर जी को उनके 350 वे शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित कर सभी की शांति व सौहार्द्र तथा कल्याण के लिए उनका आशीर्वाद मांगा। प्रातःकालीन प्रार्थना सभा मे इस विशेष आयोजन में गुरु श्री तेग बहादुर जी के महान सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए प्राचार्य सुदीप जायसवाल ने उन्हें एक महान योद्धा ,आध्यात्मिक व्यक्तित्व और मातृभूमि के प्रेमी बताते हुए कहा कि उनका जीवन धर्म व मानवता की रक्षा के लिए एक सच्ची शहादत है।अद्वितीय तरीके से गुरु श्री तेगबहादुर जी ने हमे निडर होकर एक स्वतंत्र जीवन देने की शिक्षा दी। औरंगजेब द्वारा गुरु जी व उनके परिवार को भारी यातनाएं देने पर भी उन्होंने आत्मसमर्पण नही किया, बल्कि एक दिव्य शांति के साथ उसको सहन किया। उनके इस अद्वितीय साहस व अपने जीवन के बलिदान के लिये उन्हें मानवता के सच्चे रक्षक, हिन्द की चादर व भारत का कवच भी माना जाता है। उनकी शिक्षाएं सदैव प्रेरित करती रहेंगी। इस अवसर पर विद्यार्थियों सहित समस्त शिक्षकजन व स्टाफ भी उपस्थित रहे।